तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च , 2025

11 गर्भपात किट की ऑनलाइन बिक्री करने का आरोपी पकड़ा



12 एसडीएम ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



### खबर संक्षेप

#### जनसंवाद : दोदवा में रात्रि ठहराव 6 मार्च को

**सोनीपत।** ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत 06 मार्च को गांव दोदवा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसके माध्यम से अधिकारी-कर्मचारी लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे।

#### चोरों ने सरकारी स्कूल में लगाई सेंध

**गोहाना।** गांव गंगाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कम्प्यूटर लैब में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर कुछ बैट्री चोरी कर ले गए और कुछ बैट्री इधर-उधर पड़ी मिली। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। प्राचार्य रामतीर्थ हुड्डा ने पुलिस को बताया कि गांव के अभिषेक ने 23 फरवरी को फोन करके सूचना दी थी कि विद्यालय की चारदीवारी के पास कुछ बैट्रियां पड़ी हैं। चौकीदार राममेहर को मौके पर भेजकर जांच करने को कहा। चौकीदार स्कूल गया तो कम्प्यूटर लैब का ताला टूटा मिला और वहां से 18 बैट्रियां गायब थी।

#### मोबाइल टावर से बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माजरा स्थित मोबाइल टॉवर से 24 बैटरी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पानीपत निवासी संदीप ने बताया कि वह टावर कंपनी में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत है। कंपनी की तरफ से सलारपुर माजरा में टावर लगा हुआ है। बिजली कट लगने पर टावर का नेटवर्क डाउन होने पर तकनीशियन ने जांच की तो केबिन का ताला टूटा मिला। जांच की तो 24 बैटरी गायब मिली।

#### ट्रांसपोर्टर के खाते से 2.50 लाख निकले

**गन्नौर।** आनलाइन ठगों ने एक ट्रांसपोर्टर के खाते से 2.50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में लल्हेड़ी गांव निवासी अंकित ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का काम है। उसका बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में है। उसके पास 4 जनवरी को फोन पर मैसेज आया कि उसके खाते से ढाई लाख रुपये कट गए। उसके पास न ही किसी का फोन आया और न ही ओटीपी।

### अनिल को 644 तो प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा को 527 वोट मिले

# जिला बार एसोसिएशन की चौधर फिर अनिल ढुल को मिली, सोनू उप प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत बार एसोसिएशन के चुनाव में अनिल ढुल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा को लगातार दूसरी बार हराकर चौधर अपने नाम कर कर ली है। पिछली बार के चुनाव में भी दोनों में करीबी मुकाबला देखने को मिला था। इसके साथ ही उप प्रधान पद पर सोनू भारद्वाज, सचिव पद पर संदीप खर्ब व खजांची के पद पर प्रवीन कुमार ने बाजी मारी है। संयुक्त सचिव के पद पर एकमात्र प्रत्याशी होने के कारण कृतिका का चयन पहले से ही तय था। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने सभी पदों पर विजेताओं की घोषणा की।

वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने बताया चुनाव में कुल 1295 मतदाताओं में से 1171 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि दो मतों को अमान्य घोषित किया गया। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने जश्न मनाया। चुनाव अधिकारी ने निष्पक्ष और सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया। चुनाव सुबह 9 बजे शुरू हुआ। बार एसोसिएशन के चुनाव को देखते हुए हनुमान मंदिर से महलाना रोड को जाने वाले रास्ते को पूरी तरह से बंद रखा गया। बार चुनाव में किसी प्रकार का कोई सवाल न उठें उसके लिए चुनाव अधिकारियों द्वारा बड़ी-बड़ी एलईडी लगवाई थी। वहीं तीसरी आंख से नजर रखी जा रही थी।



सोनीपत। मालाएं पहनाकर प्रधान का स्वागत करते हुए साथी अधिवक्ता।

#### ढुल को 644 वोट मिले

प्रधान पद के लिए अनिल ढुल और कमल हुड्डा के बीच आमने-सामने का मुकाबला हुआ। अनिल ढुल ने 644 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा 527 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

#### भारद्वाज को 478 वोट

उप प्रधान के लिए अमित मलिक, कुलदीप दहिया और सोनू भारद्वाज के बीच मुकाबला था। जिसमें सोनू ने 478 मत हासिल कर जीत दर्ज की, कुलदीप दहिया को 420 और अमित मलिक को 271 वोट मिले।

#### संदीप खर्ब सचिव बने, संयुक्त सचिव निर्विरोध चुनी

सचिव पद के लिए अंकित त्यागी, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा और संदीप खर्ब के बीच मुकाबला हुआ। इस चुनाव में संदीप खर्ब 399 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वियों में रजनीश मलिक को 314, अंकित त्यागी को 311 और रविंद्र कुमार शर्मा को 143 मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव पद के लिए कृतिका को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

#### कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीन कुमार विजेता रहे

कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप और प्रवीन कुमार ढिल्लो के बीच मुकाबला हुआ। इसमें प्रवीन कुमार ढिल्लो को 670 मत मिले और उन्होंने जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रदीप को 496 वोट प्राप्त हुए।

### संदीप पूनिया गोहाना बार एसो. अध्यक्ष चुने गए



**गोहाना।** गोहाना बार एसोसिएशन चुनाव में 355 अधिवक्ताओं ने मत का उपयोग किया। चुनाव में संदीप पूनिया एसो. के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी प्रदीप पांचाल को 54 मतों से पराजित किया। वहीं अधिवक्ता अमित सहराया उपाध्यक्ष और हेमंत शर्मा सचिव बने। सह सचिव, कोषाध्यक्ष और लाइब्रेरी इंचार्ज इन तीन पदों पर पहले ही चुनाव हो चुका है। अध्यक्ष पद के लिए संदीप पूनिया, कुलदीप शर्मा और प्रदीप पांचाल मैदान में थे। इनमें संदीप पूनिया को 202 और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रदीप पांचाल को 148 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए अमित सहराया व डॉ. सुरेंद्र प्रताप चित्रा और सचिव पद के लिए हेमंत शर्मा और मंजीत लठवाल में कड़ा मुकाबला रहा।

### आशुतोष सरोहा बने खरखौदा बार एसो. के प्रधान



**खरखौदा।** खरखौदा बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। जिसमें प्रधान पद और सचिव पद के लिए मतदान हुआ। प्रधान पद पर आशुतोष सरोहा ने 155 वोट के साथ विजयश्री प्राप्त की। जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश को 137 वोट मिले। जबकि जगमोहन 32 वोट लेकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए। एक वोट कैंसिल हो गया। एडवोकेट अमित दहिया 150 वोट लेकर महासचिव चुने गए। जबकि प्रवीण को 78 और विकास को 90 वोट हासिल हुए। डाले गए वोटों में से 4 वोट रद्द हो गए हुए और 3 वोट नोटा को मिले। निर्वाचन अधिकारी अनिल धनखड़ व सहायक निर्वाचन अधिकारी संदीप दहिया के अनुसार खरखौदा बार एसोसिएशन से यों तो 455 वकील संबद्ध हैं, लेकिन मतदान का अधिकार 352 को था, जिनमें से 324 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उल्लेखनीय है कि साहिल गनौत्रा को उप प्रधान, मोहित दहिया को सहसचिव तथा सुमित कुमार को पहले ही निर्विरोध चुना जा चुका है।

## हिस्ट्रीशीटर दीपक हत्याकांड में एयर इंडिया के पायलट के बयान पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा की गोलियां मारकर हत्या करने व उसके दोस्त मंदीप को घायल करने के मामले में कार सवार एयर इंडिया के पायलट के बयान पर मुकदमा दर्ज किया है। पायलट मंदीप के चचेरे भाई के दोस्त हैं और दिल्ली से दीपक और मंदीप के साथ आ रहे थे। पुलिस ने खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दीपक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले में गांव भूर्री के राहुल को संदिग्ध मानकर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पंजाब के जालधंर स्थित गांव दकोहा निवासी प्रीत कमल सिंह ने मुरथल थाना पुलिस को बताया है कि एयर इंडिया में दिल्ली में पायलट हैं। गांव मुरथल निवासी कपिल आंतिल उनके दोस्त हैं और वह भी पायलट हैं। वह दो दिन से कपिल से संपर्क करने का प्रयास कर रहे था। कपिल ने उनका एक मोबाइल नंबर भेजा था। जब वह महिपालपुर में थे तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की थी। जिसके बाद उन्होंने उन्हें दिल्ली में ही प्रीतमपूरा के पास बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचे तो कार में गांव गुहणा निवासी दीपक उर्फ भांजा व कपिल का चचेरा भाई मंदीप भी थे। कार को मंदीप चला रहे थे और दीपक पिछली सीट पर बैठा था। दिल्ली से चलकर उन्होंने कुमासपुर के पास वीर ढाबा के निकट कार रोकी थी। अचानक एक दूसरी कार आकर रूकी थी। जिसमें 3-4 युवक उतरे और उन्होंने दीपक पर गोलियां बरसा दी थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। वह खुशकिस्मत थे कि हमले में बच गए।

#### हमलावर बोला राहुल भूर्री अपना काम पूरा करता

प्रीत कमल सिंह ने पुलिस को बताया कि एक आरोपित बोल रहा था कि राहुल भूर्री अपना काम पूरा करता है। हमलावरों ने जब गोलियां बरसाई तो कार के शीशे खुले थे। कार के दोनों तरफ से गोलियां मारी गई हैं।

## मिल कर्मी से 77 हजार ठगे

**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल के कर्मी प्रदीप से साइबर ठगों ने लगभग 77 हजार रुपये की ठगी की। उसके द्वारा भेजी गई डाक निर्धारित पते पर नहीं पहुंची। उसने गूगल पर नंबर सर्च करके संपर्क किया। डाक को वापस घर वापस भेजने को 10 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद उसके खाते से पैसे कट गए। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव आहुलाना के प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह उनके गांव स्थित चीनी मिली में आयल मैन के पद पर कार्यरत है। 10 जनवरी को उसने डाक विभाग से जींद से अमृतसर कुछ दस्तावेज भेजे थे। जब दस्तावेज निर्धारित पते पर नहीं पहुंचे तो उसने 13 जनवरी को डाक विभाग के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क किया। उसने गूगल से डाक विभाग का नंबर सर्च किया था। संपर्क करने पर बताया गया कि आपकी डाक वापस आ गई है। अगर आप 10 रुपये ट्रांसफर करोगे तो आप को डाक वापस भेज देंगे। उसके बाद उसे बातों में उलझा लिया गया और उसके खाते से 76993 रुपये निकाल लिए गए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को कमरे में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट ट्रैक कोर्ट) अदालत ने दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने 18 दिसंबर, 2023 को सेक्टर-27 शहर थाना में शिकायत देकर बताया था कि उनके पुराने किराए के मकान में मुकुल नाम का युवक भी रहता था। करीब दो महीने पहले उसने बहला-फुसला कर उसकी 13 वर्षीय बेटी से मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद मोबाइल पर बात करने लगा। इसके बाद मुकुल ने रात करीब 12 बजे अपने कमरे पर बुला लिया। मुकुल ने डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद बेटी गुमसुम रहने लगी तो उसने पूछा तो बेटी ने खुद के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मेडिकल करवाकर बयान दर्ज करवाए।

#### जुर्माना भी लगाया

वहीं मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने दोषी को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल कैद की सजा व 52 हजार जुर्माना लगाया है।

### पिकअप में पशु चढ़ाकर भाग गए चोर, पीछा करने पर फेंके पत्थर

**गोहाना।** गांव मिर्जापुर खेड़ी के बलजीत के यहां से मवेशी चोरी करने का सामने आया है। चोरों ने मवेशी चोरी करके पिकअप में चढ़ा लिए। शोर सुनकर पशुपालक की नींद खुल गई और वह बाहर आया। उसने पिकअप में का पीछा किया तो उस पर पत्थर फेंके और मवेशी लेकर भाग गए। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया है। बलजीत ने बताया कि वह खेती के साथ पशुपालन का काम भी करता है। उनके घर के साथ मवेशी बांधने का स्थान है। उसने अपने पशुबाड़े में बुधवार रात को अपने मवेशी बांधे और चारा डालकर सो गया था। सुबह शोर की आवाज सुनकर उसकी और उसके पिता रामकुमार की नींद खुल गई। दोनों ने बाहर निकलकर देखा तो मकान का दरवाजा टूटा मिला। पशुबाड़े में दो भैंस और एक कटड़ी नहीं थी। वे बाहर निकले तो कुछ दूरी पर एक पिकअप खड़ी दिखाई दी।




### कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने अस्पताल में जांची सुविधाएं, दिए निर्देश

# जो भी खामियां हैं जल्द से जल्द ठीक की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण को दौरान वार्ड, मुख्य कक्ष व चिकित्सक रूम में व्यवस्थाओं की जांच की। कक्ष से मिल रही शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन प्रधान चिकित्सक की तरफ से स्टाफ कर्मचारियों को दिया। वहीं कक्ष में मरीजों की सुविधा को लेकर स्टाफ कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिन्नी लांबा ने औचक निरीक्षण किया। जानकारी मिली कि उन्हें कक्ष व वार्ड से कुछ शिकायत मिल रही थी। जिसमें स्टाफ कर्मचारियों व वार्ड में भर्ती मरीजों से संबंधित थी। कई दिनों ने वार्ड के अंदर के शौचालय की सीवर पाइप ब्लॉक होने के चलते स्टाफ कर्मचारियों व मरीजों सहित उन्हें परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। उन्होंने वार्ड के अंदर के शौचालय को जल्द से जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया। डा. गिन्नी लांबा ने बताया कि कर्मचारी व मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाने का कार्य प्रबंधन की तरफ से किया जा रहा है। मुख्य कक्ष में छत से पानी टपकने व वार्ड में शौचालय की समस्या को जल्द से जल्द दूर करवा दिया जायेगा। कार्य को शुरू कर दिया है। वहीं नागरिक अस्पताल में आरएमओ के तौर पर डा. मंजीत राठी को तैनात किया गया है। डा. मंजीत राठी ने प्रशासनिक व वीआईपी दौरों सहित मरीजों के लिए तैनात एंबुलेंस में रखे उपकरणों की जांच की। उन्होंने गाड़ी में रखे यंत्र से खुद की ईएमटी से जांच करवाई।



सोनीपत। आपातकालीन कक्ष में स्टाफ कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए डा. गिन्नी



सोनीपत। एंबुलेंस में खुद बैठकर बीपी की जांच करवाते हुए डा. मंजीत राठी।



घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।

# यंगभूमि



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।



# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नाम: एम् टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



खरखौदा। विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### खेल में सफलता के लिए अनुशासन आवश्यक

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना द्वारा साधना स्थली झिंझौली में आयोजित 4 दिवसीय राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रमंडल और कामनवेल्थ के पदक विजेता अमित दहिया व विधायक पवन खरखौदा थे। संस्था के वाईस चेयरमैन हेमंत शर्मा, आदर्श गांव योजना प्रमुख प्रमोद आसरे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमित दहिया ने कहा कि खेल में अनुशासन अति आवश्यक है। खेल में सफलता पाने के लिए अनुशासन भावना से खेलना अति आवश्यक है। खेल हमारे अंदर नेतृत्व क्षमता में विश्वास बनाता है। वाईस चेयरमैन हेमंत ने जीवन में निरंतर सुधार करने और सीखने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। प्रतियोगिता में छह राज्यों के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मैच में उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मथुरा उत्तरप्रदेश की टीम विजेता और हिन्दपुर आंध्र प्रदेश की टीम उप विजेता रहीं। सभी को प्रशस्ती पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शत्रुहन लाल कश्यप ने किया।

### घर से इनवर्टर बैटरी व रुपये चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में स्थित घर से इनवर्टर बैटरी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फाजिलपुर निवासी शीला ने बताया कि वह गत दो फरवरी को नेपाल गई थी। इसके बाद अब वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो घर में रखी इन्वर्टर बैटरी गायब मिली। वहीं, गुल्लक भी टूटा हुआ था। चोर उसे रखे रुपये भी गायब मिले।

# अवैध रूप से गर्भपात किट की ऑनलाइन बिक्री करने का आरोपित गिरफ्तार

■ अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत सीआईए-1 टीम ने अवैध रूप से गर्भपात किट की ऑनलाइन बिक्री करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रितेश उर्फ गोलू निवासी भागलपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग में तैनात डॉ. सुमित कौशिक (जिला नोडल अधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी एमटीपी, सोनीपत) ने गत 21 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उन्हें जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन तरीके से एमटीपी किट बेचने का कार्य चल रहा है। मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डासंदीप लठवाल (उप चिकित्सा अधीक्षक, डीसीएच सोनीपत) और संदीप हुड्डा (डीसीओ-आई, सोनीपत) की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। वहीं ऑनलाइन साइट मां तारा मार्केट



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ।

बिना किसी पर्ची के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी किट की ऑनलाइन बिक्री में लिप्त पाई गई। एमटीपी किट के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया गया था। एकार्ट डिलीवरी कंपनी के एक आकस्मिक डिलीवरी बॉय द्वारा आर्डर प्राप्त हुआ। जिसमें प्रतिबंधित दवाओं की अवैध किट थी। बिना किसी अधिकृत चिकित्सीय पर्ची के एमटीपी किट की इस अवैध बिक्री में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस की तरफ से टीमों को गठन किया गया था। टीम में शामिल एसआई संजीव, एचसी मंदीप, एचसी उमेश व संदीप ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया।उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

### पुलिस टीमें वारदात में शामिल अन्य की तलाश में जुटी

*विभाग की तरफ से तैनात अधिकारी की तरफ से शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस टीमें वारदात में शामिल अन्य की तलाश में जुट गई है। आरोपित पर कुरुक्षेत्र, जींद, गुरुग्राम, यमुनानगर में भी मामले दर्ज है।*
*-बिजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक।*

### अलग-अलग प्रदेशों में बेच चुका 250 से ज्यादा किट

गिरफ्तार आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह महज 12वीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुका है। वह ऑनलाइन सामान बेचने के लिए अलग-अलग दो वेबसाइड चलाता है। उसके जरिए व किट को ऑनलाइन बेचने का काम करता है। वह पार्टी से 450 रुपये लेता है। साथ ही पैमेंट सॉफ्टवेयर से उसके बैंक खाते में आती है। वह अब तक करीब 250 किट हरियाणा, तमिलनाडु, मुम्बई, बैंगलोर, यूपी, दिल्ली, पंजाब, में बेच चुका है।

## परीक्षा केंद्रों पर युवा दिवारों पर चढ़कर पर्चियां फेंकते नजर आए

# हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं में कई परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप

■ उड़नदस्ता टीमों के निरीक्षण में कहीं पर भी नकल का मामला सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की गणित और सीबीएसई के 10वीं के विद्यार्थियों की हिंदी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षाएं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। हालांकि हरियाणा बोर्ड की परीक्षा के लिये बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा के दौरान बाहरी हस्तक्षेप देखने को मिला। नकल रहित संचालित करवाने के विभाग के दावे धरातल पर फेल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्रों में बाहरी हस्तक्षेप रोकने में शिक्षा विभाग व पुलिस प्रशासन दूसरे दिन भी पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है। 10वीं कक्षा के गणित विषय के पेपर में कई परीक्षा केंद्रों पर युवा दिवारों पर चढ़कर पर्चियां फेंकते नजर आए। हालांकि उड़नदस्ता टीमों के निरीक्षण में कहीं पर भी नकल का मामला सामने नहीं आया।

बता दें कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के तहत शुक्रवार को 10वीं कक्षा का गणित विषय का पेपर संचालित किया गया। बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों पर 15589 विद्यार्थियों ने पेपर दिया। इसमें नियमित व ओपन से परीक्षा देने वाले विद्यार्थी शामिल रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 12:30 बजे शुरू होने वाले पेपर को लेकर परीक्षार्थी एक घंटा पहले ही पहुंच गए थे। परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों की भीड़ लगी रही। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लगाई गई है। उसके बावजूद भी कई परीक्षा केंद्रों पर पेपर शुरू होने के बाद भी भीड़ लगी रही। वहीं सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। हरियाणा बोर्ड की परीक्षा के दौरान जिले के कई परीक्षा केंद्रों पर बाहरी तत्व लगातार सक्रिय रहे। विशेषतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर नकल का खेल जारी रहा। युवा किताबों से व कॉपी पर पर्चियां बनाकर परीक्षा केंद्र की दिवार पर चढ़कर खिड़कियों के सहारे फेंकने का प्रयास करते रहे। हालांकि परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मी युवाओं को दौड़ाते रहे। पुलिस कर्मियों के जाते ही युवा फिर दिवारों पर चढ़कर पर्चियां फेंकने लग जाते। पेपर शुरू होने से लेकर खत्म होने तक यही घटनाक्रम चलता रहा।



सोनीपत। हरियाणा बोर्ड की परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर मौजूद विद्यार्थी एवं अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुआ

*बोर्ड परीक्षाओं के तहत शुक्रवार को 10वीं कक्षा का गणित विषय का पेपर हुआ। जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुआ। जिले में किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई मामला सामने नहीं आया।*
*-कृष्ण रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत*

### गांवों में पंचायातों का सहयोग लेंगे : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप की सूचनाएं मिली हैं, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस का सहयोग लिया जा रहा है। परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने के लिए ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लिया जाएगा।



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान शहर के जनता स्कूल के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने शहर के परीक्षा केंद्रों को जांचा बाहरी हस्तक्षेप पर पुलिस कर्मी जिम्मेदार होंगे

**गन्नौर।** भिवानी बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं की परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में हुई। एसडीएम प्रवेश कादियान ने शहर के जनता वरिष्ठ माध्यमिक माध्यमिक सहित ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा चल रही थी। एसडीएम ने चेताया कि परीक्षा के दौरान अगर कही बाहरी हस्तक्षेप मिलता है तो उसके लिए पुलिस कर्मी जिम्मेदार होंगे और परीक्षा केंद्र के अंदर कोई नकल करते पाया व नकल मिले तो ड्यूटी स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने के लिए प्रशासन द्वारा टीमें गठित की है। वे टीमें परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा करेगी

## न्यूज डायरी



गन्नौर। प्राध्यापिका श्रेष्ठा शर्मा व अंग्रेजी प्राध्यापिका मीनाक्षी का सम्मान करते प्राचार्य डा. मनोज। फोटो :हरिभूमि

### प्राध्यापिका श्रेष्ठा शर्मा ने जेआरएफ परीक्षा की पास

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स कालेज की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका श्रेष्ठा शर्मा ने जेआरएफ व अंग्रेजी प्राध्यापिका मीनाक्षी ने नेट की परीक्षा पास की है। श्रेष्ठा शर्मा पिछले 2 सत्र से जैन कालेज गनौर में अर्थशास्त्र पढ़ा रही हैं। इससे पहले वह 4 बार नेट पास कर चुकी हैं। भविष्य में सतत विकास विषय पर वह अनुसंधान करेंगी। वहीं अंग्रेजी पढ़ा रही मीनाक्षी ने कठिन मेहनत के बाद दूसरे प्रयास में नेट की परीक्षा पास की। कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने श्रेष्ठा शर्मा व मीनाक्षी को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी व भविष्य में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया।

### गुरु और शिष्यों ने डॉ. सीवी रमन को नमन किया

**गोहाना ।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में शुक्रवार को विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने डॉ. सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। मंच संचालन शिवाजी सदन से छात्रा अंजलि ने किया। छात्रा कनिष्का ने कहा कि यह राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1928 को भौतिक विज्ञानी सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारत 1986 से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना रहा है। छात्रा स्नेहा व हर्षिता ने पीपीटी के माध्यम से तुलसी एवं नीम के वैज्ञानिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। सिमरन ने डिटेक्शन ऑफ लैड से संबंधित प्रयोग करके दिखाया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि विज्ञान दिवस दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को बढ़ावा देने और मानवता की भलाई के लिए वैज्ञानिक क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के लिए संयोजन विज्ञान आचार्य कृष्णा दहिया, सोमी, कविता, सचिन पूनिया, प्रदीप, विनीका, रचना सिंगला, दीक्षा शर्मा, रितेश और अनिल शर्मा का रहा।

### लड़के का एक रुपये का रिश्ता लेकर पेश की मिसाल




खरखौदा। सगाई की रस्म अदा करते वर व वधू पक्ष के परिजन। फोटो :हरिभूमि

**खरखौदा।** समाजसेवी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल दहिया ने अपने बेटे राहुल का रिश्ता मात्र एक रुपये का लेकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने दहेज को दरकिनार करते हुए कहा कि बेटियां स्वयं में सबसे बड़ी संपत्ति होती हैं और विवाह के लिए किसी भी लेन-देन की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। राहुल का विवाह मेजर जनरल समर की बेटी श्यामोली के साथ 2 मार्च को संपन्न होगा। इस निर्णय की क्षेत्र में मुक्त कंठ से प्रशंसा हो रही है। डॉ. अनिल दहिया का मानना है कि यदि लोग इस परंपरा को अपनाएं तो दहेज प्रथा जैसी कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर, रमेश कौशिक, विधायक पवन खरखौदा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुखबीर फरमाणा, एसडीएम संजय बिश्नोई, दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, पूर्व सरपंच कृष्ण दहिया, बबीता दहिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मारपीट कर रुपये व मोबाइल लूटने के दो आरोपित काबू

**सोनीपत ।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने मारपीट कर रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनीत उर्फ सूरज निवासी गौतम नगर यूपी व अजीत उर्फ अज्जू निवासी फतेहगढ यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। द्वारका दिल्ली निवासी भुप ने बताया कि वह एसकेएस कंपनी में रसोई सोनीपत में कार्यरत है। वह अपने घर जाने के लिए केएमपी फ्लाई ओवर वाले रास्ते से करीब छह बजे जा रहा था। उसके पीछे से आकर पांच से छह लड़कों ने रोक लिया। उसे साइड वाली खाली जगह में गिरा दिया। उसकी जेब से करीब एक हजार रुपये की नकदी को निकाल लिया। वहीं मोबाइल का पासवर्ड लेकर खाते से हजारों रुपये की राशि को ट्रासंपर करवा लिया। उसके बाद उसे हाथ पैर बांधकर साइड में धक्का दे दिया। किसी तरह उसने अपने कार्य स्थल पर पहुंचकर खाते की जानकारी ली। उसमें से राशि ट्रासंफर मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। राई थाना पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था।



गोहाना। आधुनिक एक्स–रे मशीन का शुभारंभ करते हुए निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा। फोट : हरिभूमि

### महिला अस्पताल में आधुनिक एक्स-रे मशीन का शुभारम्भ

■ निदेशक ने संस्थान के रेडीयोलॉजी विभाग में मशीन का शुभारंभ किया

**गोहाना।** भगत सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज, खानपुर कलां में अब मरीज आधुनिक नकनीक से युक्त नई एक्स-रे मशीन की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। शुक्रवार को संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा ने अस्पताल के रेडीयोलॉजी विभाग में आधुनिक नकनीक की एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। इस सेवा के लिए निदेशक ने रेडियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. चिरंजीव गठवाल व उनकी टीम को बधाई दी। निदेशक जगदीश चन्द्र दुरेजा के अनुसार बिमारियों के पता लगाने व उनके उपचार में रेडीयोलॉजी विभाग की मशीनों और उपकरणों का अहम योगदान होता है। संस्थान में आधुनिक एक्स-रे मशीन की सुविधा से मरीजों के अलावा यहां चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अनुसंधान में काफी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में कार्यकारी चिकित्सा अधिक्षक डॉ. मनोज रावल, डीन डॉ. स्वर्णकौर, डॉ. एपीएस बतरा व डॉ. तरूण नारंग सहित अन्य चिकित्सगण उपस्थित रहे।

### सीवी रमन का विज्ञान के विकास में सराहनीय योगदान

■ महिला विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत संतुलित आहार और पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर जागरूकता कार्यक्रम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां के फूड एवं न्यूट्रिशन विभाग तथा सेंटर फॉर सोसायटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च द्वारा शुक्रवार को विवि के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संतुलित आहार संतुलित आहार और पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सर सीवी रमन का विज्ञान के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज के दिन उनको स्मरण करना और उनके बताए रास्ते पर चलना उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए आहार को शुद्ध रखना पहली जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें पोषक खाना, खाना चाहिए। हम जैसा अन्न खाएंगे वैसा ही हमारा मन होगा। इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परविंदर कौर ने सीवी रमन की अभूतपूर्व खोज पर प्रकाश डाला। डॉ. कौर ने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग को बनाए रखने के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार लेने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। कार्यक्रम का समापन फूड एवं न्यट्रिशन विभाग की अध्यक्ष प्रो. बीनू तंवर द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।



गोहाना। छात्राओं को सूचित आहार के बारे में जागरूक करते शिक्षक।



### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि बढ़ाने के लिये शैक्षणिक दौरा

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर चिकित्सा उपकरण निर्माता कंपनी का शैक्षणिक दौरा किया। यह दौरा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों की रुचि बढ़ाने और उन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। छात्रों के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों के निर्माण की नवीनतम तकनीकों और उनकी उत्पादन प्रक्रिया को नजदीक से समझना था। कंपनी के विशेषज्ञों ने छात्रों को चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, उनकी गुणवत्ता जांच, पैकेजिंग और वैश्विक मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने मशीनों की कार्यप्रणाली देखी और यह जाना कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक कैसे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में योगदान दे रही हैं। कंपनी के अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि रिबेल इंटरनेशनल लिमिटेड चिकित्सा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करता है, जिसमें सर्जिकल ब्लेड, मेडिकल डिस्पोजेबल आइटम्स और अन्य उपकरण शामिल हैं। छात्रों ने विभिन्न उत्पादन चरणों को देखा और सीखा कि कैसे स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाता है। इस दौरे के दौरान छात्रों ने विशेषज्ञों से वैज्ञानिक नवाचारों, मेडिकल उपकरणों के उत्पादन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के बढ़ते उपयोग के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने औद्योगिक अनुसंधान और विकास के महत्व को भी समझा। स्कूल की प्रिंसिपल हिमानी दहिया ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक दौरों से छात्रों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि वास्तविक जीवन में विज्ञान के अनुप्रयोगों को देखने और समझने का अवसर मिलता है। इस शैक्षिक दौरे पर बच्चों के साथ स्कूल के वाइस प्रिंसिपल श्री वरुण कुमार, अध्यापक गौरव धमीजा और अध्यापिका रितु भी उपस्थित रहे।

**आरोप** | डीक्रूटा ने राज्यपाल व प्रदेश सरकार को कार्यकारी परिषद की बैठक पर रोक लगाने के लिए भेजा ज्ञापन

# डीक्रूटा का आरोप : यूनिवर्सिटी एक्ट की धज्जियां उड़ा रहे हैं कुलपति

■ गलत तरीके से नामित सदस्यों के आदेश को वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचिंग यूनियन डीक्रूटा ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति अपने आप को हरियाणा विधानसभा में पास यूनिवर्सिटी एक्ट से ऊपर मानते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन खुलेआम प्रदेश सरकार के नियमों की धज्जियां उडा रहे हैं। कुलपति ने अपने मनसूबों को पूर्ण करने के लिए विधानसभा में पास यूनिर्वसिटी एक्ट को तार-तार करते हुए अपने चेहतों को यूनिवर्सिटी कार्यकारी परिषद का सदस्य बनाया है। अपने मनसुबों को अमली जामा पहनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन फानन में यूनिवर्सिटी कार्यकारी परिषद की मीटिंग एक दिन के नोटिस पर बुलाई है, जबकि मीटिंग के लिए 15 दिन का नोटिस देना जरुरी है। डीक्रूटा ने कहा कि यूर्निवसिटी में कुल आठ फैकल्टीज हैं, जिसमें से रोटेशन पर तीन फैकल्टीज को दो दो साल के लिए कार्यकारी परिषद का सदस्य बनाया जाता है। रोटेशन के हिसाब से अब डीन आफ कंप्यूटर साइंस, डीन आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी व डीन आफ हयूमेनिटीज एंड सोशल साइंस को कार्यकारी परिषद का सदस्य बनने थे, लेकिन कुलपति ने ईसी में अपने मनसूबों को पूरा करने के लिए पहले बनाए गई फैकल्टीज को ही इनके स्थान पर नामित कर दिया। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि यूर्निवसिटी से बाहर के ईसी के 6 सदस्य कुलपति की अनुशंसा पर राज्यपाल मनोनित करते हैं, लेकिन कुलपति ने प्रदेश के राज्यपाल को गुमराह करते हुए 4 सदस्य यूर्निवसिटी एक्ट की अवहेलना करते हुए बनवा दिए। डीक्रूटा ने इसकी शिकायत राज्यपाल व प्रदेश सरकार को की थी। राज्यपाल की अनुशंसा पर प्रदेश सरकार 4 सदस्यों को गलत तरीके से नोमिनेट कराने पर जांच शुरु कर चुकी है। जिसकी जांच तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा जारी है। डीक्रूटा ने राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर विश्वविद्यालय एक्ट के खिलाफ यूर्निवसिटी कार्यकारी परिषद के गलत सदस्य बनाने की जानकारी देते हुए तुरंत प्रभाव से यूर्निवसिटी कार्यकारी परिषद की बैठक पर रोक लगाने व जांच गठित करके यूर्निवसिटी एक्ट के तहत सदस्य नामित करने की मांग की। डीक्रूटा ने यूर्निवसिटी एक्ट की अवहेलना करके गलत कार्यकारी परिषद के सदस्यों को नामित करने पर डीक्रूटा कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक बुलाई, सरकार को राज्यपाल व प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर, गलत तरीके से नामित सदस्यों के आदेश को वापस लेने की मांग की।



विवि के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते हुए डीक्रूटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### गाड़ी व रुपये चोरी करने करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुनाल निवासी मुजफ्फरनगर यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव पलड़ा हाल में पाना पपोसिया नरेला निवासी विष्णु ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका एसके रेड लाइट लॉजिस्टिक का कार्यालय सबौली गांव में खोल रखा है। उसके पास गाड़ी है। गाड़ी पर कुणाल निवासी उत्तर प्रदेश हेल्पर का काम करता है। गत 22 फरवरी को वह करीब साढ़े तीन बजे कार्यालय से पचास हजार रुपये की राशि निकालकर कुनाल चोरी की नीयत से रवि निवासी पलड़ा व अपने दोस्तके साथ। रुस्तम व अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलीभगत करके उत्तर प्रदेश ले गया। रास्ते में जीपीएस यंत्र को उखाड़ कर फेंक दिया। जब फोन पर संपर्क किया तो गाड़ी छोड़ने की एवज में 70 हजार रुपये की डिमांड करने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एचसी सुरेंद्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की गाड़ी को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



गिरफ्तार आरोपित पुलिस कर्मी फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं जिप अध्यक्ष साथ में जिप पार्षद एवं अन्य।

### गांव में भंडारा, ग्रामीणों ने रखी पार्क बनवाने की मांग

**सोनीपत।** बड़वासनी गांव में दादा खखावासी पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका दहिया, राजवीर दहिया, जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, जिला परिषद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि मोनू बागड़ू, सरपंच विजेंद्र सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव की पंचायत ने अध्यक्ष से पार्क बनवाने दादा खखावासी के तालाब से रास्ता बनवाने और जिम लगवाने की मांग की। जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका राजवीर दहिया ने आश्वासन दिया कि ग्राम वासियों की मांग को पूरा किया जाएगा।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी की बैटरी व अंदर से सामान चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव सेरसा में घर के बाहर खड़ी गाड़ी से बैटरी व उसके अंदर से मोबाइल फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेरसा निवासी रवि खत्री ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है। उसके पास कैंटर पर गांव जाटी कलां का रहने वाला विनोद चालक के तौर पर तैनात है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मेधावी छात्र अक्षत अव्वल

**गोहाना।** बड़ौता गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप ने की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों से इतिहास विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के छात्र अक्षत अव्वल रहे।

## नगर निगम मेयर के लिये उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका के लिये प्रचार थमा

# थम गया शोर, अब होगा वोट का जोर

- खरखौदा में पार्षदों के साथ-साथ चेयरमैन का चुनाव भी सीधे मतदाता करेंगे
- नगर निगम मेयर पद के लिये 5 उम्मीदवार तो खरखौदा चेयरमैन पद के लिये 4 उम्मीदवार हैं मैदान में
- खरखौदा के 16 वार्डों में से 15 वार्डों में 42 उम्मीदवार लड़ रहे हैं चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। नगर निगम सोनीपत कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम सोनीपत के मेयर के लिये उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका के चुनाव का शोर आज थम गया। अब इंतजार है मतदान का, जोकि रविवार को होगा। चुनावों को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है, वहीं विभिन्न प्रत्याशियों की तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया गया। अब शनिवार को चुनाव प्रचार का काम जनसभा या लाउड स्पीकर के माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव के लिये पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं खरखौदा नगर पालिका चुनावों में चेयरमैन पद के लिये चार उम्मीदवार तो 15 पार्षद पदों लिये 42 उम्मीदवार मैदान में हैं। खरखौदा के 16 वार्डों में से एक वार्ड में एक ही प्रत्याशी होने के चलते उनका चुनाव पहले ही हो चुका है। अब रविवार को सोनीपत और खरखौदा में 3 लाख से अधिक मतदाता इस महापर्व में हिस्सा लेंगें। मतदान के लिये सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र बनाए जाएंगें, जबकि खरखौदा क्षेत्र में चुनावों के लिये 23 मतदान केंद्र बनाए जाएंगें। 2 मार्च को मतदान के उपरांत 12 मार्च को मतगणना का दिन निर्धारित किया गया है। बता दें कि सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव के लिये राजनीतिक दलों से कांग्रेस के कमल दिवान, भाजपा के राजीव जैन, बसपा के धर्मवीर, आप से डॉ. कमलेश कुमार सैनी मैदान में हैं, जबकि आजाद उम्मीदवार के तौर पर रमेश खत्री ताल ठोंक रहे हैं। वहीं खरखौदा नगर पालिका चुनावों में चेयरमैन पद के लिये भाजपा से हीरालाल, निर्दलीय मैक्सिन ठेकेदार, किरण धर्मपत्नी रिंकेश, ममता मेहरा चुनावी मैदान में हैं।

### 3 लाख से अधिक मतदाता लेंगे हिस्सा

सोनीपत नगर निगम और खरखौदा नगर पालिका के प्रस्तावित चुनावों रूपी इस यज्ञ में 3 लाख से अधिक मतदाता अपनी आहुति देंगे। इसमें से 2 लाख 94 हजार 362 मतदाता सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तो 20 हजार 149 मतदाता खरखौदा के चुनावों में अपने मतों का प्रयोग करेंगे। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के कुल मतदाताओं में 1 लाख 53 हजार 320 पुरुष, 1 लाख 41 हजार 035 महिला व सात थर्ड जैंडर मतदाता वोट डालेंगे। कुल मतदाताओं में 47 हजार 479 मतदाता पहली बार नये मेयर को वोट डालेंगे।

### 2020 में मिला था पहला मेयर

सोनीपत को नगर निगम का दर्जा 2015 में दिया गया था। इसके बाद पांच सालों के इंतजार के बाद पहली बार 2020 में चुनाव हुए थे। उन चुनावों में 245 बूथों पर 2 लाख 46 हजार 871 मतदाताओं ने शहर की सरकार का चुनाव किया था। उस समय कांग्रेस की टिकट से मैदान में उतरे निखिल मदान ने जीत दर्ज कर पहला मेयर होने का सम्मान प्राप्त किया था। वहीं पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों से पहले निखिल मदान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनीपत से निखिल मदान अब विधायक हैं।

### तीन माह से मेयर तो डेढ़ साल से चेयरमैन नहीं

सोनीपत में नगर निगम मेयर का पद पिछले तीन माह से खाली है। क्योंकि तीन माह पहले हुए विधानसभा चुनावों में तत्कालीन मेयर ने भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जीत दर्ज की थी। जिसके बाद से नगर निगम मेयर का पद खाली है। तकरीबन डेढ़ माह पहले ही सीनियर डिप्टी मेयर को मेयर की शक्तियां दी गई थी। हालांकि सोनीपत नगर निगम में उपचुनावों के बाद चुने जाने वाले मेयर के पास काम करने के लिये तकरीबन 8 माह ही होंगे। क्योंकि पांच साल के चुनी गई शहर की सरकार का कार्यकाल दिसंबर 2025 में समाप्त होगा। वहीं खरखौदा में नगरपालिका का कार्यकाल मई 2023 में समाप्त हो गया था। जिसके बाद से एसडीएम बतौर प्रशासक नगर पालिका का कार्यभार संभाल रहे हैं।

### चुनाव : धारा 163 के आदेश जारी

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने नगर निगम मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव के लिए 02 मार्च को होने वाले मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए संबंधित क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 को लागू करने के आदेश जारी करते हुए हथियार रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही मतदान के दिन मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर किसी भी उम्मीदवार द्वारा स्टॉल लगाने पर पाबंदी रहेगी। यहां तक कि जहां एक ही मतदान केन्द्र स्थान या परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, वहां परिसर से 200 मीटर की दूरी पर उम्मीदवार को केवल एक ही स्टॉल लगाने की अनुमति होगी।

### एससी वर्ग के लिए आरक्षित अध्यक्ष पद

खरखौदा नगरपालिका का कार्यकाल मई 2023 में समाप्त हो गया था। उसके बाद से एसडीएम प्रशासक के तौर पर कार्यभार संभाल रहे हैं। नपा क्षेत्र में 16 वार्ड बनाए गए हैं। खरखौदा में पहली बार नपा अध्यक्ष प्रत्यक्ष तौर पर चुना जाएगा। अब से पहले तक चयनित किए गए पार्षद ही अपने में से एक को अध्यक्ष के तौर पर चुनते थे। नपा में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा वार्ड नंबर 1, 5 6, 9 व 11 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए है। इनमें वार्ड नंबर 5 व 11 अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित रहेगा। वार्ड नंबर 2, 3, 4, 7, 8, 10, 13 व 16 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। इनमें 2 व 10 सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। वार्ड नंबर 12 बीसी बी वर्ग की महिला, वार्ड नंबर 14 बीसी ए महिला और वार्ड नंबर 15 बीसीए के लिए आरक्षित किया है।

## खेल विवि में कम्युनिकेशन स्किल पर कार्यशाला का आयोजन

- विश्वविद्यालय के कुलपति और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर


राई। विश्वविद्यालय के कुलपति और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार सबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रों और स्टाफ के साथ कम्युनिकेशन स्किल पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में उन्होंने बच्चों को कम्युनिकेशन के उपयोग करने और समझने की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि एक अच्छा संवाद हमारे बेहतर फैसले लेने और समस्यों को सुलझाने का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने छात्रों को बोलचाल, मूक, लिखित और दार्शनिक सभी प्रकार के संचार की महत्ता बताई। उन्होंने बताया की कर्मचारियों का अच्छा कम्युनिकेशन कार्य क्षमता और रिजल्ट्स अच्छा करने में महत्वपूर्ण सहयोग करता है। इसलिए सभी कर्मियों को अपने कार्यक्षेत्र पर सकारात्मक कम्युनिकेशन करना चाहिए। कुलपति ने बच्चों के साथ अपने जीवन के पाल भी साझा किए और गांव स्थित स्कूल में शिक्षा के दौरान आई संवाद में समस्या को भी साझा किया। कुलपति अशोक कुमार द्वारा नियमित रूप से हर शुक्रवार सभी छात्रों और कर्मचारियों को गस्किल डेवलपमेंटग कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।

## स्कूल संचालक ऑनलाइन ठगी का शिकार, खातों से निकाले 3 लाख रुपये


खरखौदा। घटना की जानकारी देते हुए प्राचार्य सत्यदेव पाराशर। फोटो : हरिभूमि

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के एक स्कूल संचालक सत्यदेव पाराशर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। एक ग्रुप में आए मैसेज पर विश्वास करके खाता संबंधी जानकारी देना, उन्हें महंगा पड़ गया। ठगों ने उनके दो बैंक खातों से कुल 3,33,321 रुपये निकाल लिए। सत्यदेव पाराशर खांडा शंभू दयाल शिक्षा सदन स्कूल के प्राचार्य और रिढाऊ गांव के संत हरिदास शिक्षा सदन स्कूल के प्रबंधक हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा से जुड़ी ड्यूटी की सूचना के लिए बनाए गए ग्रुप में एक शिक्षक ने पीएम योजना के नाम से लिंक भेजा था। लिंक खोलकर जानकारी भरने के कुछ घंटे बाद बैंक से फोन आया कि उनके खाते से बड़ी रकम निकाली गई है। बैंक अधिकारियों ने इसे ठगी का मामला बताते हुए उनके दोनों खातों को सील कर दिया। प्राचार्य ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा के खोखले वायदों को समझ चुकी है जनता : कमल दीवान

- कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क, सांसद व पूर्व स्पीकर रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत


सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि आगामी 2 मार्च को हाथ के निशान पर पड़ने वाली एक-एक वोट सोनीपत नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार पर चोट करेगी। सोनीपत नगर निगम के पास बजट की कोई कमी नहीं है, लेकिन नीयत की कमी है। जिसकी वजह से आम आदमी के काम नहीं हो पा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान कमल दिवान ने भाजपा उम्मीदवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी पत्नी के पास कैबिनेट मंत्री का पद होने के बावजूद सोनीपत नगर निगम क्षेत्र को बदहाली की तरफ धकेल दिया गया। सोनीपत की जनता ने भाजपा उम्मीदवार की पत्नी को दस साल का मौका दिया था, लेकिन इन दस सालों में सोनीपत की जनता की बेकद्री होती रही। 2019 के चुनाव में जनता ने उन्हें आईना दिखा दिया था। सोनीपत की जनता भाजपा के खोखले वायदों को समझ चुकी है। कांग्रेस नेता कमल दीवान ने लोगों को आश्वासन दिया कि सोनीपत नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा। वहीं चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोनीपत सांसद सतपाल महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता की आवाज को दबाने का किया है। कमल दीवान दबी हुई आवाज को उठाने का काम करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप शर्मा ने भी लोगों के बीच कमल दीवान के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

## ट्रिपल इंजन सरकार बनाएंगें : राजीव जैन

- भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने जनसंपर्क किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत


सोनीपत। भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन का स्वागत करते हुए स्थानीय दुकानदार।

भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि प्रदेश भर में भाजपा अपने काम के दम पर निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। लोगों ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया है। जैन ने कहा कि वे अपने कार्यों से जन भावनाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। राजीव जैन कच्चे क्वार्टर मार्केट में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान व्यवसायियों ने जैन का स्वागत कर 85 किलो लड्डुओं से तौला। जैन ने शुक्रवार को श्रीराम शर्मा पार्क एमजी मॉल के पीछे, शिव मंदिर वाली गली, बाबा कॉलोनी आदि में जनसंपर्क किया।

## रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर द्वारा राजकीय माडल संस्कृति स्कूल में बांटे कूड़ेदान



गन्नौर। क्लब के प्रधान मनीष बंसल के नेतृत्व में कूड़ेदान बांटते हुए।

**गन्नौर।** रोटरी क्लब आफ गन्नौर द्वारा राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कूड़ेदान वितरित किए गए। वितरण कार्य क्लब के प्रधान मनीष बंसल के नेतृत्व में किया गया। मनीष बंसल ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं। स्वच्छ भारत का सपना साकार होते ही स्वस्थ भारत का सपना भी साकार होने लगेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी योगदान दिया। इस मौके पर क्लब के सचिव नवीन खन्ना, कोषाध्यक्ष अतुल जैन, अनिल जैन, विकास भगवती, रजत गुप्ता, संदीप सिंघल आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभा शो में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा


गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्रों के साथ स्कूल के निदेशक अजय यादव व शिक्षक।

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा (गन्नौर) में कक्षा छठी से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रतिभा निखारने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन अजय यादव व प्रधानाचार्या निधि जैन ने मां सरस्वती की फोटों के समक्ष दीप जलाकर शुभारम्भ किया। विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया गया। छात्रों ने नृत्य,गायन, भाषण, नाटक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने कार्यक्रम के माध्यम से होली पर रंग न लगाने व पानी रहित होली मनाने के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या निधि जैन ने शिक्षा का महत्व समझाया तथा देश की भविष्य के लिए विद्यार्थियों को रोशनी के समान बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## एसडीएम ने उपमंडल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, सुविधाओं को जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर


गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान अस्पताल का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम प्रवेश कादियान ने शुक्रवार को उपमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ के हाजरी रजिस्टर, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसुती वार्ड, फार्मेसी में जाकर चेकिंग की। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि वे अपनी ड्यूटी इमानदारी से करें। अगर उसके बाद भी कोई लापरवाही करता है तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से दी जाए। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने में किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराएं, जिससे उस समस्या का समाधान किया जा सके और किसी को कोई परेशानी न हो। अस्पताल में मशीन, साफ-सफाई, पानी, दवा एवं मरीजों की दी जाने वाली सुविधाएं आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर एसएमओ डा. टीना आनंद, एसएमओ डा. संजय कौशिक, बाल रोग विशेषज्ञ डा. रोहतास भल्ला, डा. पुनीत गांधी, डा. 'योति मान, स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश धनखड़, फार्मासिस्ट सुनील खोखर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**एसडीएम के सामने रखी समस्याएं:** एसएमओ डा. टीना आनंद ने एसडीएम प्रवेश कादियान को बताया कि अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए नगरपालिका को जमीन स्वास्थ्य विभाग को देनी है, यह प्रक्रिया लटकी हुई है। एसडीएम ने कहा कि वह इस संबंध में जानकारी ले कर जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करवाएंगे। एसएमओ ने शिकायत करी कि अस्पताल के मुख्य गेट के सामने गलत तरीके से वाहन पार्क किए जाते हैं, जिससे कई बार एंबुलेंस आने में भी दिक्कत होती है। इस पर एसडीएम ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगा कर वहां वाहन पार्क करने वालों के चालान करें।

## शपथ के बाद ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार


गन्नौर। शपथ कार्यक्रम में उपस्थित विधायक देवेंद्र कादियान व एसडीएम प्रवेश कादियान।

बिना द्वेष भावना के सभी को साथ लेकर काम किया जाएगा : कादियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को ब्लाक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व उपाध्यक्ष अरुण शर्मा को शपथ दिलाई गई। एसडीएम प्रवेश कादियान ने ब्लाक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व उपाध्यक्ष अरूण शर्मा को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने भी शिरकत की। कादियान का शपथ कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम प्रवेश कादियान व बीडीपीओ पूनम चंदा ने स्वागत किया। शपथ ग्रहण करने के बाद विधायक ने ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह अपने खंड के विकास के लिए पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से काम करें। अनिल कुमार ने कहा कि गन्नौर ब्लाक में बिना किसी भेदभाव के कार्य करवाने का काम करेंगे। सबको साथ लेकर हर वार्ड में काम करवाया जाएगा। विधायक देवेंद्र कादियान के सहयोग से ब्लाक में विकास की कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी। ब्लाक समिति सदस्य अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से अवगत करवाते रहें ताकि उनका समाधान समय रहते हो सकें। वहीं उपाध्यक्ष अरुण शर्मा ने भी कहा कि वह भी ब्लाक के विकास में अध्यक्ष का हर संभव सहयोगी करेंगे।

### सभी को साथ लेकर काम होंगे

विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि ब्लाक समिति चेयरमैन व उपचेयरमैन ने कार्यभार संभाला है। सभी सदस्यों ने मिलकर इनकों चुना है। सभी की उपस्थिति में शपथ ली है। बेहतर तरीके से काम हो। जो लोगों ने जिम्मेदारी के साथ सदस्यों ने चुना है। विकास कार्य में ब्लाक समिति का बड़ी भूमिका होती है। चेयरमैन न होने के कारण बहुत से काम रूके हुए थे। अब रूके हुए विकास कार्य ब्लाक समिति के अधिन गति को पकड़ेगे। सभी को एक समान बिना किसी द्वेष भावना के साथ लेकर चला जाएगा और विकास के काम होंगे।